## बरेली पुलिस

## प्रेस नोट दि0 16.06.2026

### थाना सुभाषनगर जनपद बरेली

**थाना सुभाषनगर #bareillypolice मोबाइल छिनैती के शातिर बदमाश को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार कर, कब्जे से 01 छीना गया मोबाइल, घटना में प्रयुक्त बाइक, अवैध असलाह व कारतूस बरामद किया गया।**

**घटना का संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 14.06.2026 को विशाल पुत्र बाबूराम नि0 पुराना चांदमारी थाना सुभाषनगर, बरेली ने सूचना दी कि दिनांक 12.06.26 को रामगंगा से बरेली आ रहा था, बीडीए गेट के पास जब मैं फोन पर बात कर रहा था तो अचानक बाइक पर सवार 02 बदमाश मोबाइल छीन कर भाग गये। सूचना पर मु0अ0सं0 403/26 धारा 304(2) BNS पंजीकृत की गयी। घटना के अनावरण हेतु पुलिस टीम का गठन किया गया।

**सूचना ,पुलिस टीम, कार्यवाही-**

अपराध एवं अपराधियो के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना प्रभारी सुभाषनगर के नेतृत्व मे थाना सुभाषनगर पुलिस टीम द्वारा दिनांक 16.06.2026 को मुखबिर की सूचना पर निर्माणधीन बाईपास के पास महेशपुरा फाटक के बीच मन्दिर की ओर जाने वाले कच्चे रास्ते पर मोटर साइकिल से भागे हुए संदिग्ध व्यक्तियों को पकडने का पीछा किया व ललकारकर रोकने का प्रयास किया तो बदामाशों ने खुद को पुलिस से घिरता देख तत्पश्चात संदिग्ध व्यक्तियों द्वारा अचानक हम पुलिस वालो पर जान से मारने की नियत से फायर किया गया तो आत्मरक्षार्थ पुलिस बल द्वारा जवाबी फायरिंग की गयी जिससे भागे हुआ व्यक्तियों में से एक को गोली लग गयी और वह गिर गया तथा दूसरा अभियुक्त जंगल झाडी व अन्धेरे का फायदा उठाकर भाग गया । मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार विधिक कार्यवाही की गयी ।

**पूछताछः-**

गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा पूछताछ के दौरान बताया गया कि दिनांक 12.06.2026 को शाम के समय मैने अपने दोस्त अमन उर्फ शगुन के साथ अपनी मोटरसाईकिल काले रंग हीरो स्पलैण्डर प्लस बदायू रोड पर बदायू रोड पर एक व्यक्ति से उसका मोबाइल छीन लिया था। मोबाइल को मैने अपने पास रख लिया था क्योंकि महेंगा मोबाइल था । दिनांक 16.06.2026 को रात भी मै किसी घटना की फिराक में बदायूं रोड आया था । मैने अपने दोस्त अमन उर्फ शगुन को भी मिलने के लिए बताया था क्योकिं बदायूं रोड पर ही अमन उर्फ शगुन का घर है । फिर हम दोनो आज ने सोचा कि क्यो ना आज कोई बडा हाथ मारा जाये । पता नही पुलिस ने मुझे कैसे पहचान लिया तो मैं पुलिस को अपने पीछे देखकर डर गया था और पुलिस से बचने के लिये भागने की कोशिश की थी और अपने पकडे जाने के डर से ही मैने पुलिस पर फायर झोक दिये थे । मुझसे गलती हो गयी है भविष्य में ऐसी गलती नही होगी।

**नाम व पता गिरफ्तार अभियुक्त -:**

समीर पुत्र नसीम जावेद निवासी 51 सूफीटोला कैथ का पेड श्यामतगंज बारादरी बरेली हाल-जगतपुर सब्जी मण्डी थाना बारादरी बरेली 27 वर्ष

**पंजीकृत अभियोग-**

1. मु0अ0सं0 403/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 409/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सुभाषनगर बरेली
3. मु0अ0सं0 457/21 धारा 328/363/366/376(2)n/376(3) भादवि ¾ तथा 5/6 पाक्सो एक्ट थाना बारादरी बरेली
4. मु0अ0सं0 70/23 धारा 34/379/411 भादवि थाना इज्जतनगर बरेली
5. मु0अ0सं0 77/23 धारा 420/411/413/414 भादवि थाना इज्जतनगर बरेली
6. मु0अ0सं0 218/25 धारा 304/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली ।

**<u>बरामदगी का विवरण</u>**

1. एक देशी तमंचा नाजायज 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस व 01 खोखा कारतूस 315 बोर (मु0अ0सं0 409/26/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधि0 थाना सुभाषनगर बरेली)
2. घटना में प्रयुक्त एक मोटर साइकिल।
3. एक छीना गया मोबाइल सम्बन्धित (मु0अ0सं0 403/26/26 धारा 304(2)/317(2) बीएनएस थाना सुभाषनगर बरेली।

**<u>गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-</u>**

1. प्र0नि0 सतीश कुमार नैन थाना सुभाषनगर बरेली।
2. उ0नि0 रविन्द्र सिंह थाना सुभाषनगर बरेली।
3. उ0नि0 प्रशून कुमार थाना सुभाषनगर बरेली।
4. उ0नि0 असगर हुसैन थाना सुभाषनगर बरेली।
5. उ0नि0 अनुज कुमार थाना सुभाषनगर बरेली।
6. कां0 2470 सूरज कुमार थाना सुभाषनगर बरेली।
7. कां0 3829 पारस कुमार थाना सुभाषनगर बरेली।
8. कां0 2751 अंकित नागर थाना सुभाषनगर बरेली।
9. रि0कां0 सुदीप कुमार थाना सुभाषनगर बरेली।
10. रि0कां0 2407 थाना सुभाषनगर बरेली।
11. रि0कां0 2402 अक्षय पवार थाना सुभाषनगर बरेली।
12. रि0कां0 2442 प्रदीप पाल थाना सुभाषनगर बरेली।